दिन–बुधवार दिनांक– 10 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रूपौली विधानसभा उपचुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न। संतावन दशमलव दो पांच प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया।

02. उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में भीषण सड़क दुर्घटना में अठारह की मौत और उन्नीस घायल। दुर्घटना में बिहार के लोग भी शामिल।

03. प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा– बिहार के रहने वाले मृतकों के आश्रितों को दो–दो लाख रूपये अनुग्रह अनुदान दिया जायेगा।

04. और, नेपाल के तराई क्षेत्रों में हो रही बारिश के चलते गंडक, कोसी, बागमती और महानंदा समेत कई अन्य नदियां उफान पर। अररिया, सीतामढ़ी, मधुबनी और शिवहर जिले के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैलता जा रहा।

---

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रूपौली विधानसभा उपचुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। संतावन दशमलव दो पांच प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मतदाधिकार प्रयोग किया। वोटों की गिनती तेरह जुलाई को होगी। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

दो हजार बीस में हुये विधानसभा चुनाव के मुकाबले तीन दशमलव नौ चार प्रतिशत कम मतदाताओं ने इस बार वोट डाला। मतदान के दौरान कुछ जगहों से छिटफुट घटनाओं की खबरें आती रही लेकिन प्रशासनिक स्तर पर सतर्कता से मामलों को सुलझा लिया गया। मतदान के बाद ग्यारह उम्मीदवारों का चुनावी किस्मत ईवीएम में बंद हो गया। इस बार मुख्य मुकाबला आरजेडी के बीमा भारती और जनता दल यूनाईटेड के कलाधर मंडल के बीच है। आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्णियां से होमी चंदन।

---

उत्तरप्रदेश के उन्नाव जिले में बांगरमऊ के पास आज सुबह लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे पर हुई भीषण सड़क दुर्घटना में कम से कम अठारह लोगों की मृत्यु हो गई जबकि उन्नीस लोग घायल हो गए। बिहार के सीतामढी से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस की टक्कर एक दुग्ध टैंकर से हो जाने से यह दुर्घटना हुई है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस काफी क्षतिग्रस्त हो गई और लोग बस से बाहर जा गिरे। मृतकों में शिवहर के छह और मोतिहारी के तीन लोग शामिल है। उन्नाव के पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने बताया कि घायलों का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है जबकि पांच घायल यात्रियों को बेहतर उपचार के लिए लखनऊ भेज दिया गया है।

–––बाईट–––

घायलों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। पांच घायलों को रेफर किया जा रहा है लखनऊ बेहतर उपचार के लिए और सभी बचाव कार्य किए जा रहे हैं। जो मृतक हैं और घायल हैं उनकी पहचान सुनिश्चित की जा रही है। उनके परिजनों को सूचित किया जा रहा है। नंबर भी जारी कर दिए गए हैं जिस पर वह फोन करके सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सडक दुर्घटना में मरने वालों के प्रति दुख व्यक्त किया है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्थानीय प्रशासन राज्य सरकार की निगरानी में पीडितों की हरसंभव सहायता कर रहा है। श्री मोदी ने उन्नाव दुर्घटना में प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो–दो लाख रूपये की अनुग्रह राशि और घायलों को पचास–पचास हजार रूपये देने की भी घोषणा की। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस बस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने बिहार के रहने वाले मृतकों के आश्रितों को दो–दो लाख रुपये अनुग्रह अनुदान मुख्यमंत्री राहत कोष से देने की घोषणा की है।

————————————————————————

नेपाल के तराई क्षेत्रों में हो रही बारिश के चलते राज्य में गंडक, कोसी, बागमती और महानंदा समेत कई अन्य नदियां उफान पर हैं। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट में खतरे के निशान से एक सौ सत्रह सेंटीमीटर ऊपर दर्ज की गयी। बागमती नदी का जलस्तर सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर और मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में लाल निशान से ऊपर दर्ज किया गया। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में और महानंदा का जलस्तर किशनगंज के तैयबपुर, पूर्णियां के ढेंगराघाट और कटिहार के झावा में लाल निशान से ऊपर बना हुआ है। इधर, परमान नदी भी अररिया में खतरे के निशान से इकहत्तर सेंटीमीटर ऊपर बनी हुई है। सुपौल, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिले के कई निचले इलाकों में बाढ का पानी फैल गया है।

इधर, हमारे शिवहर संवादाता ने बताया कि जिले के मोहारी के पास बागमती नदी के कटाव के कारण तटबंध पर खतरा उत्पन्न हो गया है।

———बाईट———

बागमती नदी के जलस्तर में उतार चढ़ाव होने के कारण मोहारी के पास तेजी से कटाव हो रहा है। मोहारी के पास करीब 40 से 50 फीट में पानी का दबाव बढ़ने के कारण कटाव का दबाव तेज हो गया है। कटाव निरोधी कार्य चलाया जा रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी वहां लगातार कैंप कर रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए हरिकांत सिंह।

अररिया जिले में तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश और नेपाल के तराई क्षेत्र में भारी बारिश और पानी छोड़े जाने से परमान, नूना, बकरा, रतवा भलूआ सहित कई छोटी–बड़ी नदियां पूरे उफान पर है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

सिकटी, पलासी और कुर्साकांटा प्रखंड के डेढ़ दर्जन गांव कचना, सालगुड़ी, बांसबाडी, अलुआबाड़ी, सिंधिया, पिपरा बाजार, धर्मगंज, छापानियां, रहटमीना, पकरी और जागीर परासी के निचले इलाकों के घरों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। वहीं सड़को पर तीन फीट पानी के तेज बहाव से आवागमन बाधित हो गया है। इससे प्रखंड के कई गांवों का जिला मुख्यालयों से सड़क संपर्क टूट गया है। इलाकों के प्रभावित परिवारों के बीच तत्काल पॉलिथीन शीट्स वितरित करने का निर्देश दिया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए अररिया से गौतम सहगल।

इधर, सीतामढ़ी से हमारे संवाददाता ने बताया कि नेपाल के अधिग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश से अधवारा समूह के झीम नदी के जलस्तर में वृद्धि हुई है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

भारत–नेपाल सीमा के हनुमान चौक डायवर्जन पर झीम नदी का पानी तीन फीट से ऊपर बह रहा है। इससे आवागमन प्रभावित हुआ है। इधर, बंसतपुर, लालबंदी, जहदी, लक्ष्मीपुर और मयुरवा गांवों का प्रखंड मुख्यालय से सम्पर्क टूट गया है। प्रभावित इलाकों के लोग ऊंचे स्थानों पर शरण लिये हुये है। अभियंताओं को बांध की निगरानी का निर्देश दिया गया है। राहत और बचाव कार्य जारी है। आकाशवाणी समाचार के लिए सीतामढ़ी से राजेश कुमार।

मधुबनी से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के मधेपुर प्रखंड में पिछले कुछ दिनों से कोसी नदी के जलस्तर में उतार चढ़ाव लगातार जारी है।

–––बाईट–––

कोसी बाराज वीरपुर से कोसी नदी में कल शाम 2 लाख 42, हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण नदी के जलस्तर में वृद्धि होने लगी थी। जिससे मधेपुर प्रखंड के कोसी दियारा इलाके के द्वालख गढ़गांव, बसीपट्टी, बकुआ भरगामा और महपतिया पंचायत के लगभग एक लाख लोग प्रभावित हुए हैं। फिलहाल कोसी नदी के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए मधुबनी से अकील हुसैन।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार किशनगंज के दिघलबैंक में सबसे अधिक एक सौ छप्पन दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. सुमन ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी भागों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

–––बाईट–––

इधर, पश्चिम चम्पारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र में बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहीं, मुंगेर जिले के असरगंज प्रखंड में वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा–125 के अन्तर्गत एक मुस्लिम महिला को अपने पति से गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है। न्यायाधीश बी0 वी0 नागरत्ना और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की एक पीठ ने इस मामले में दायर याचिका को खारिज कर दिया जिसमें एक व्यक्ति ने धारा–125 सी आर पी सी के अन्तर्गत अपनी तलाकशुदा पत्नी को गुजारा भत्ता देने संबंधी निर्देश के विरूद्ध याचिका दायर की थी। पीठ ने यह भी आदेश दिया कि आवेदन लम्बित रहने के दौरान अगर महिला को तलाक दिया जाता है तो वह विवाह अधिकार संरक्षण संबंधी 2019 के अधिनियम का सहारा ले सकती हैं। पीठ ने कहा कि मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 1986 धर्मनिरपेक्ष कानून पर हावी नहीं होगा। पीठ ने यह भी कहा कि 2019 के अधिनियम के तहत उपाय सीआरपीसी की धारा 125 के तहत उपाय के अतिरिक्त है।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने आज उच्चतम न्यायालय के फैसले की सराहना की जिसमें एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला अपने पति से गुजारा भत्ता मांगने की हकदार है। पार्टी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि फैसला मुस्लिम महिलाओं के लिए बड़ी राहत है और यह मुस्लिम महिलाओं को उनका उचित सम्मान देने का फैसला है। 1985 के शाह बानो मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी कांग्रेस सत्ता में आई पार्टी ने विभिन्न तरीकों से संविधान पर हमला किया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने शाह बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट कर संविधान को कमजोर कर दिया था।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के जे. पी. गंगा पथ के तीसरे चरण का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री कुमार ने कहा कि दीघा से कंगन घाट तक जे. पी. गंगा पथ का कार्य पूर्ण हो गया है। दिदारगंज तक जो काम बचा हुआ है, उसे मुख्यमंत्री ने तत्काल पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जे. पी. गंगा पथ परियोजना के कंगन घाट तक लोकार्पण हो जाने से श्री गुरू गोविंद सिंह जी

महाराज की जन्म स्थली तख्त श्री हरिमंदिर साहिब गुरूद्वारा आना–जाना असान हो गया है।

———————————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि मौजूदा पाठ्यपुस्तकों में बदलाव केवल कक्षा तीन और छह के लिए किया गया है, अन्य कक्षाओं के लिए नहीं। स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे कक्षा तीन और छह को छोड़कर अन्य कक्षाओं के लिए उसी पाठ्यपुस्तकों का उपयोग जारी रखें जैसा कि उन्होंने पिछले शैक्षणिक वर्ष में किया था।

———————————————————————

निगरानी विभाग ने आय से अधिक संपत्ति मामले में दारोगा ब्रजेश कुमार के बेगूसराय और बांका स्थित आवासों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरा ढ़ाई लाख रूपये नकद, सोने के जेवरात, भूमि और निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किया। दारोगा बांका जिले के शम्भूगंज थानों में तैनात है।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर के चक्कर मैदान में अग्निवीर योजना के तहत आज से भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गयी। भर्ती प्रक्रिया उन्नीस जुलाई तक चलेगी। इसमें आठ जिले मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण के पुरूष अभ्यर्थी भाग ले रहे हैं। इधर, अग्निवीर वायु सेना में भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया भी जारी है। यह प्रक्रिया अट्ठाईस जुलाई तक चलेगी। परीक्षा अठारह अक्टूबर को आयोजित की जाएगी।

———————————————————————

अररिया व्यवहार अदालत ने बहुचर्चित आरती छोटू प्रेम–प्रसंग में छोटू की हत्या के मामले में एक महिला सहित आठ लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

———————————————————————

बेगूसराय सिंघौल थाना क्षेत्र में कार और मोटरसाईकिल के बीच हुई टक्कर में मोटरसाईकिल सवार एक महिला की मौत हो गयी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रूपौली विधानसभा उपचुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न। संतावन दशमलव दो पांच प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया।

02. उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में भीषण सड़क दुर्घटना में अठारह की मौत और उन्नीस घायल। दुर्घटना में बिहार के लोग भी शामिल।

03. प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा– बिहार के रहने वाले मृतकों के आश्रितों को दो–दो लाख रूपये अनुग्रह अनुदान दिया जायेगा।

04. और, नेपाल के तराई क्षेत्रों में हो रही बारिश के चलते गंडक, कोसी, बागमती और महानंदा समेत कई अन्य नदियां उफान पर। अररिया, सीतामढ़ी, मधुबनी और शिवहर जिले के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैलता जा रहा।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।